# गोयल से मिले अमेरिका के मंत्री लुटनिक

## अंतरिम व्यापार समझौते की घोषणा के बाद तेजी से बदली परिस्थितियां



**नयी दिल्ली, 27 फरवरी. अमेरिका के वाणिज्य मंत्री होवर्ड लुटनीक ने यहां वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात की.**

गत 07 फरवरी को अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते की घोषणा के बाद तेजी से बदली परिस्थितियों के बीच उनके इस दौरे को महत्वपूर्ण माना जा रहा है. दोनों पक्षों ने चर्चा को 'सकारात्मक' बताया है हालांकि आधिकारिक रूप से इस बारे में कोई और जानकारी नहीं दी गयी है. बैठक में भारत में अमेरिका के राजदूत सर्गेई गोर भी मौजूद थे.

माना जा रहा है कि श्री गोयल और श्री लुटनिक के बीच आज की बैठक में अंतरिम समझौते और बदली परिस्थितियों के बीच उसके भविष्य पर ही मुख्य रूप से चर्चा हुई है.

श्री गोयल ने इस मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'अमेरिका के वाणिज्य मंत्री होवर्ड लुटनिक और भारत में अमेरिकी राजदूत सर्गेई गोर के आतिथ्य का मौका मिला. दोनों देशों के बीच व्यापार और आर्थिक भागीदारी के विस्तार को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई.' श्री गोर ने दोपहर के खाने पर हुई इस बैठक को सकारात्मक बताते हुए लिखा कि दोनों देशों के बीच कई क्षेत्रों में सहयोग के अवसर हैं.

> उल्लेखनीय है कि अंतरिम व्यापार समझौते के तहत अमेरिका में भारतीय उत्पादों पर 18 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया गया था. साथ ही कई अमेरिकी उत्पादों के लिए भारतीय बाजार को खोलने का प्रावधान है. हालांकि उसके बाद अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल बिना संसद की अनुमति के ट्रंप प्रशासन द्वारा विभिन्न देशों के खिलाफ आयात शुल्क की ऊंची दरों के आदेश को रद्द कर दिया. इसके बाद वहां की सरकार ने 24 फरवरी से 150 दिन के लिए सभी देशों पर 10 प्रतिशत की एक समान आयात शुल्क लगाने का आदेश जारी किया है. इस घटनाक्रम के बाद अंतरिम समझौते को अंतिम रूप देने के लिए इस सप्ताह के आरंभ में अमेरिका जाने वाले भारतीय दल के दौरे को रद्द कर दिया गया है.

## रुपया 90 .91 प्रति डॉलर पर स्थिर

**मुंबई, 27 फरवरी.** अंतर बैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया लगभग स्थिर रहा और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 90.9150 रुपये का बोला गया.

भारतीय मुद्रा पिछले कारोबारी दिवस पर चार पैसे चढ़कर 90.91 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी.

रुपया आज पांच पैसे की मजबूती के साथ 90.86 रुपये प्रति डॉलर पर खुला. दिन में यह ऊपर 90.81 रुपये तक और नीचे 90.94 रुपये प्रति डॉलर तक गया.

विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारतीय पूंजी बाजार में लिवाली और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट से रुपये को समर्थन मिला. दूसरी तरफ, दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर सूचकांक में तेजी से भारतीय मुद्रा पर दबाव बढ़ा.

# नौसेना में शामिल होने जा रहे आईएनएस अंजदीप

## सेल सेना के लिए भारी मााात्रा में करेगा स्टील की आपूर्ति



**नयी दिल्ली, 27 फरवरी. सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी इस्पात उत्पादक और महारत्न कंपनी भारतीय इस्पात प्राधिकरण (सेल) ने गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) द्वारा निर्मित आईएनएस अंजदीप के निर्माण में जरूरी विशेष ग्रेड के स्टील की पूरी मात्रा की आपूर्ति की है.**

आईएनएस अंजदीप भारतीय नौसेना में शामिल होने जा रहा तीसरा एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट कार्वेट है. इससे पहले पिछले साल आईएनएस अर्णाला और आईएनएस आंद्रोत भी शामिल किये जा चुके हैं.

नौसेना के पुराने होते 'अभय-श्रेणी' के जहाजों के स्थान पर इन कार्वेट का निर्माण स्वदेशी रूप से किया जा रहा है. इस रणनीतिक प्रयास में योगदान देते हुए सेल ने जीआरएसई द्वारा बनाये जा रहे आठ एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट कार्वेट के लिए लगभग 3,500 टन विशेष-ग्रेड स्टील की पूरी मात्रा की आपूर्ति की है. इस स्टील की आपूर्ति सेल के बोकारो, भिलाई और राउरकेला स्थित एकीकृत इस्पात संयंत्रों से की गई है, जो घरेलू आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती को रेखांकित करता है.

यह उपलब्धि रक्षा विनिर्माण में देश को आत्मनिर्भर बनाने, आयात पर निर्भरता कम करने और 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण को सुदृढ़ करने के प्रति सेल की प्रतिबद्धता को उजागर करती है.

# वाहन खरीदने में यूपी, महाराष्ट्र, गुजरात के लोग रहे सबसे आगे



**नयी दिल्ली, 27 फरवरी. वाहन खरीदने के मामले में चालू वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात के लोग सबसे आगे रहे.**

वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) के दौरान देश में कुल 12.76 लाख यात्री वाहन बिके. इसमें 12.4 प्रतिशत के साथ महाराष्ट्र पहले स्थान पर रहा जिसमें 1.58 लाख वाहन बिके. उत्तर प्रदेश 10.8 फीसदी के साथ दूसरे और गुजरात 8.2 फीसदी के साथ तीसरे स्थान पर रहा. यात्री वाहनों में कार, उपयोगी वाहन और वैन आते हैं.

घरेलू बाजार में तिमाही के दौरान दुपहिया की कुल बिक्री 56.96 लाख इकाई रही. सबसे ज्यादा 8.62 लाख इकाई (15.1 प्रतिशत) की बिक्री उत्तर प्रदेश में हुई. महाराष्ट्र (11.3 प्रतिशत) दूसरे, तमिलनाडु (8.0 प्रतिशत) तीसरे और गुजरात (7.4 प्रतिशत) चौथे स्थान पर रहा. खास बात यह है कि कुछ राज्य जो यात्री वाहनों की खरीद में काफी पीछे थे, दुपहिया की खरीद में काफी आगे दिख रहे हैं.

# बंगाल के किसानों के लिए 'टकाई' कीटनाशक लॉन्च

**धान समेत कई फसलों में कीट नियंत्रण का नया समाधान,**

**साइक्लेप्रिन टीएम तकनीक से मिलेगा लंबा संरक्षण**




**कोलकाता, 27 फरवरी. भारत की अग्रणी एग्री-बिजनेस कंपनी गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड ने किसानों को सशक्त बनाने और पश्चिम बंगाल की कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के उद्देश्य से नया मल्टी-क्रॉप कीटनाशक 'टकाई' लॉन्च किया है.**

आईएसके जापान द्वारा विकसित साइक्लेप्रिन तकनीक से संचालित यह उत्पाद लेपिडोप्टेरन (इल्ली/सुंडी वर्ग) कीटों पर तेज़ और प्रभावी नियंत्रण प्रदान करता है. कंपनी को धान, मक्का, चना और सोयाबीन के लिए लेबल अनुमोदन मिल चुका है, जबकि पत्ता गोभी और मिर्च के लिए विस्तार की प्रक्रिया जारी है. पश्चिम बंगाल, जिसे 'भारत का चावल का कटोरा' कहा जाता है और जहां हर साल लगभग 15 मिलियन टन धान का उत्पादन होता है, वहां तना छेदक (येलो स्टेम बोरर) और लीफ फोल्डर जैसे कीट 20 से 40 प्रतिशत तक पैदावार घटा सकते हैं. मक्का में फॉल आर्मीवर्म 25-30 प्रतिशत, जबकि गंभीर स्थिति में 60 प्रतिशत से अधिक नुकसान कर सकता है. सोयाबीन में स्पोडोप्टेरा और सेमीलूपर से 20-30 प्रतिशत तक हानि होती है.


गोदरेज एग्रोवेट के क्रॉप प्रोटेक्शन बिज़नेस के सीईओ एन.के. राजवेलु ने कहा कि प्रभावी कीट प्रबंधन किसानों की सफलता की कुंजी है. 'टकाई' तेजी से कीटों की खुराक रोकता है और लंबे समय तक सुरक्षा देता है, जिससे फसल की सेहत और गुणवत्ता में सुधार होता है. धान बहु-ऋतु फसल है खरीफ, रबी और ग्रीष्म और पूरे वर्ष कीट प्रकोप की आशंका रहती है. प्रारंभिक अवस्था (15-30 दिन बाद) में तना छेदक और 40-60 दिन के बीच तना छेदक व लीफ फोल्डर अधिक सक्रिय रहते हैं. इन चरणों में 'टकाई' का 160 मिली प्रति एकड़ की अनुशंसित मात्रा में छिड़काव प्रभावी माना गया है.

> पिछले वर्ष मक्का के लिए 'अशिताका' हर्बीसाइड लॉन्च करने के बाद 'टकाई' की शुरुआत के साथ कंपनी ने नवाचार और किसान-केंद्रित उत्पाद विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है. यह पहल राज्य की कृषि उत्पादकता बढ़ाने और किसानों की आय स्थिर करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है.

# जीडीपी के आंकड़ों से पहले लुढ़के शेयर बाजार

**961** अंक पर गिरा सेंसेक्स

**317** अंक पर लुढ़का निफ्टी




**मुंबई, 27 फरवरी. सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़ों से पहले शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट देखी गयी. बीएसई का सेंसेक्स 961.42 अंक (1.17 प्रतिशत) गिरकर 81,287.19 अंक पर बंद हुआ.**

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की निफ्टी-50 सूचकांक भी 317.90 अंक यानी 1.25 प्रतिशत लुढ़ककर 25,178.65 अंक पर रहा. यह दोनों सूचकांकों का लगभग चार सप्ताह का निचला स्तर है. बाजार में यह गिरावट जीडीपी के आंकड़े जारी होने से ठीक पहले दर्ज की गयी है. जीडीपी के सरकारी आंकड़े आज ही जारी होने हैं. आईटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और मीडिया समूहों को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में बिकवाली हावी रही. रियलटी, ऑटो, एफएमसीजी, धातु, फार्मा, बैंकिंग, स्वास्थ्य और रसायन समूहों पर अधिक दबाव रहा.

> मझौली और छोटी कंपनियों में भी गिरावट रही. निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.06 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.10 प्रतिशत नीचे बंद हुआ. सेंसेक्स की कंपनियों में भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंडिगो, मारुति सुजुकी, सनफार्मा, हिंदुस्तान यूनीलिवर और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर दो से ढाई प्रतिशत के बीच गिर गये. अडानी पोर्ट्स, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस, पावरग्रिड, टाटा स्टील, आईटीसी, एचडीएफसी बैंक और बीईएल के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच टूटे. रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स, एक्सिस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, टीसीएस, टाइटन और टेक महिंद्रा के शेयर भी लाल निशान में रहे. एचसीएल टेक्नोलॉजीज और ट्रेंट के शेयर एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त में बंद हुए. इंफोसिस में भी तेजी रही.

# हंसलपुर प्रोजेक्ट बना वैश्विक बेंचमार्क



**अहमदाबाद, 27 फ़रवरी. गुजरात के हंसलपुर स्थित रेलवे साइडिंग प्रोजेक्ट ने भारतीय रेलवे को ऑटोमोबाइल लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में वैश्विक पहचान दिलाई है. पश्चिम रेलवे के अहमदाबाद मंडल के तहत विकसित इस प्रोजेक्ट 'वेरा कार्बन स्टैंडर्ड' के तहत दुनिया का पहला 'मोडल शिफ्ट ट्रांसपोर्टेशन प्रोजेक्ट' घोषित हुई है.**

पिछले एक दशक में भारतीय रेलवे ने कार ट्रांसपोर्टेशन में ऐतिहासिक छलांग लगाई है. वर्ष 2010-13 के दौरान रेल की तरफ से मात्र 1-1.5% थी और सालाना 40-60 हजार कारें ही रेल से गुजरती थीं. वर्तमान में यह तरफ से 20-24% तक पहुंच गई है और प्रतिवर्ष 10 लाख से ज्यादा कारों का ट्रांसपोर्टेशन रेल से हो रहा है- जो लगभग 20 गुना बढ़ोतरी दिखाता है.

इस सफलता के पीछे एएफटीओ योजना, आधुनिक एनएमजीएच एवं बीसीएसीबीएम वैगनों की ढुलाई और हंसलपुर, मानेसर व चेन्नई जैसे ऑटो हब में इन-प्लांट साइडिंग्स के विकास के प्रमुख कारण हैं. रेल ट्रांसपोर्टेशन सड़क की तुलना में 15-20% सस्ता और 60-70% कम कार्बन कार्य करने वाला है. हंसलपुर परियोजना से करीब 1.7 लाख टन CO2 काम में कमी का अनुमान है. प्रधानमंत्री गति शक्ति के तहत विकसित यह मॉडल न केवल माल राजस्व बढ़ा रहा है, बल्कि 'ग्रीन लॉजिस्टिक्स' की दिशा में भी अहम कदम साबित हो रहा है.

## नयी सीरीज पर जीडीपी के पहले आंकड़े जारी

**नयी दिल्ली, 27 फरवरी.** वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है. सरकार द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि तीसरी तिमाही में जीडीपी 84.54 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है जबकि पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में जीडीपी 78.41 लाख करोड़ रुपये रहा था. ये आंकड़े नये आधार वर्ष 2022-23 की सीरीज पर आधारित हैं.नयी सीरीज पर आधारित जीडीपी का यह पहला आंकड़ा है. इसके अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत और दूसरी तिमाही में 8.4 प्रतिशत रही है.

# देश में ही बनेगा एमआरएफ स्टील



**नयी दिल्ली, 27 फरवरी. आम तौर बिजली के ट्रांसफॉर्मरों में इस्तेमाल होने वाला एमआरएफ स्टील अब देश में ही बनेगा, भारत अब तक इसका आयात करता रहा है.**

जापानी कंपनी प्रोटेरियल की भारतीय इकाई प्रोटेरियल इंडिया ने शुक्रवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि कंपनी मेटग्लास इंडिया के नाम से कारोबार करेगी. कंपनी ने आंध्र प्रदेश के तिरुपति जिले में जनवरी में फैक्ट्री लगाने का काम शुरू किया है और इस साल अक्टूबर तक उत्पादन आरंभ होने की उम्मीद है.

प्रोटेरियल के मुख्य कार्यकारी अधिकार सीन एम. स्टैक ने बताया कि भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था और बड़े बाजार को देखते हुए कंपनी ने भारत में अपना तीसरा संयंत्र लगाने का फैसला किया है.

# पवन खेड़ा तमिलनाडु से क्यों?

**चेन्नई. दो साल पहले राज्यसभा के दोवार्षिक चुनाव में जब कांग्रेस के प्रवक्ता पवन खेड़ा को राज्यसभा की सीट नहीं मिली थी तब उन्होंने सार्वजनिक रूप से पोस्ट लिख कर अपनी तकलीफ जाहिर की थी. उन्होंने लिखा था कि शायद तपस्या में कोई कमी रह गई थी.**

इस बार ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस पार्टी उनकी तपस्या का फल देना चाहती है. तभी खबर है कि कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने रविवार की रात को चेन्नई में डीएमके प्रमुख और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से एक राज्यसभा सीट की मांग की तो उन्होंने पवन खेड़ा को उच्च सदन में भेजने की बात कही. वैसे वेणुगोपाल विधानसभा की सीटें बढ़वाने के लिए गए थे लेकिन बात नहीं बनी तो उन्होंने अपने 18 विधायकों के दम पर एक राज्यसभा सीट की मांग कर दी. लेकिन सवाल है कि कांग्रेस पार्टी पवन खेड़ा को तमिलनाडु से क्यों राज्यसभा में लाना चाहती है? तमिलनाडु में दो महीने में चुनाव है और वहां द्रविड और बाहरी का विवाद बहुत ज्यादा रहता है.


## कार्यालय नगर पालिक निगम, सागर

क्र./लोक कर्म/न.नि./2026/53 — सागर, दिनांक 27/2/2026

### ऑनलाइन निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं. निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है.

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की लागत राशि रु. एवं समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_ 486023_1 28.2.2026 | डी.डी. कॉम्प्लेक्स में बेसमेंट में वॉटर प्रूफिंग कार्य. | 24,36,000.00 03 माह | 5,000/- 18270/- | 30/3/2026 शाम 5.30 तक |

नोट:- 1. निविदाकार को निविदा प्रपत्र में दी हुई शर्तों एवं दस्तावेजों का पालन सुनिश्चित करना होगा.
2. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जाएगा. पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जाएगा.

आयुक्त
नगर पालिक निगम, सागर



## कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति के लिए) नियम 8-(1)

चूँकि, अधोहस्ताक्षरी, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत IIFL होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से विख्यात) (IIFL-HFL) के प्राधिकृत अधिकारी हैं और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ताओं को राशि चुकाने के लिए एक माँग नोटिस जारी किया गया था, अतः उधारकर्ता और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। उधारकर्ता विशेष रूप से और आम जनता को एतद्द्वारा संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन IIFL HFL के प्रभार के अधीन होगा, जैसा कि नीचे उल्लिखित राशि पर ब्याज सहित लगाया जाएगा। उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है। यदि उधारकर्ता बिक्री या हस्तांतरण के लिए निर्धारित तिथि से पहले किसी भी समय "IIFL HFL" के बकाया और सभी लागतों, प्रभारों और व्ययों का भुगतान कर देता है, तो सुरक्षित संपत्तियां नहीं बेची जाएंगी।

| उधारकर्ता का नाम /सह-उधारकर्ता | सुरक्षित संपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति) | कुल बकाया बकाया राशि (रु.) | मांग सूचना की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री रामस्वरूप श्रीमति गुड्डी बाई रामस्वरूप (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10457975) | पटवारी हल्का क्रमांक 45, खसरा क्रमांक 32, ग्राम फजलपुर, राघौगढ़, गुना, मध्य प्रदेश, 473118 - भारत में स्थित संपत्ति का पूरा टुकड़ा। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमिक्षेत्रफल, कालीनक्षेत्रफल, निर्मितक्षेत्रफल। संपत्ति का क्षेत्रफलः 750.00, 360.00, 450.00 | रू. 334796/- तीन लाख चौंतीस हजार सात सौ छियानवे मात्र | 24-10-2025 | 25/02/2026 |
| श्री हंसराज यादव श्रीमती कृष्णा बाई यादव (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10488875) | खसरा क्रमांक 93, पीएच नं. 36, ग्राम पुरेना, राघोगढ़, गुना, मध्य प्रदेश, भारत, 473001 में स्थित संपत्ति का पूरा टुकड़ा क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमि क्षेत्र, निर्मित क्षेत्र, कालीन क्षेत्र। संपत्ति का क्षेत्रफलः 600.00, 600.00, 480.00 | रू. 335400/- तीन लाख पैंतीस हजार चार सौ मात्र | 25-07-2025 | 25/02/2026 |
| श्री दिनेश लोढ़ा श्रीमती मचाला बाई लोढ़ा (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10521854) | पटवारी हल्का क्रमांक 21, खसरा क्रमांक 291, ग्राम दौराना, तहसील राघोगढ़, जिला गुना, मध्य प्रदेश, 473226, भारत में स्थित संपत्ति का पूरा टुकड़ा। वर्ग फुट में क्षेत्रफलः संपत्ति का प्रकारः भूमि क्षेत्रफल, निर्मित क्षेत्र, कालीन क्षेत्र। संपत्ति का क्षेत्रफलः 625.00, 600.00, 480.00 | रू. 359528/- तीन लाख उनसठ हजार पांच सौ अट्ठाईस मात्र | 16-10-2025 | 25/02/2026 |
| श्री हरि सिंह सेहरिया जी पतिराम सेहरिया श्रीमती भगवती बाई सेहरिया श्रीमती जमुना बाई सेहरिया (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10666147) | पटवार हलखा संख्या 40, खसरा संख्या 84, ग्राम रिहाना, तहसील बामोरी, जिला गुना, मध्य प्रदेश, 473105, भारत में स्थित संपत्ति का पूरा भाग। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमि क्षेत्र, कालीन क्षेत्र। संपत्ति का क्षेत्रफलः 900.00, 600.00 | रू. 355831/- तीन लाख पचपन हजार आठ सौ इकत्तीस मात्र | 20-06-2025 | 25/02/2026 |

अधिक जानकारी के लिए, कृपया अधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालयः 183, प्रथम मंजिल, सोनी भवन, एमपी नगर जोन II, भोपाल या कॉर्पोरेट कार्यालयः प्लॉट नंबर 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुरुग्राम, हरियाणा पर संपर्क करें।

स्थानः भोपाल
दिनांकः 28.02.2026

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी,
आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड के लिए।



## साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल / जको / नोअ(भू / रा.) / 2026 / 4781 — दिनांक- 10.02.2026

### सूचना

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के जमुना कोतमा क्षेत्रान्तर्गत आमाडांड खुली खदान परियोजना से प्रभावित ग्राम कुहका के समस्त भू स्वामियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम कुहका की सीबीए एक्ट 1957 के तहत अधिग्रहित भूमि के एवज में कोल इंडिया पुनर्वास नीति 2012 एवं एसईसीएल माडलटीज के तहत घटते क्रम में रोजगार के बदले नगद राशि का प्रस्ताव वांछित दस्तावेजों के साथ, पात्रता निर्धारण हेतु 01 (डमरु पिता नानसाय छोटईया पिता ददना जाति गोंड़ पता सा. देह भूमि स्वामी) भू-स्वामी / आश्रित का आवेदन प्राप्त हुआ है। इस प्रस्ताव को एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर की ओर रोजगार के बदले नगद राशि की स्वीकृति हेतु प्रेषित किया जा रहा है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | भूमि दस्तावेजों के अनुसार भू स्वामी का नाम एवं पिता का नाम: एवार्ड के अनुसार | वर्तमान बी-1 के अनुसार | वर्तमान खसरा के अनुसार | ग्राम का नाम | डी ओ एल नं. | अर्जित खसरा नं. | कुल अर्जित भूमि: हे. में | एकड़ में | रोजगार के बदले नगद राशि भुगतान हेतु नामित व्यक्ति का नाम पिता का नाम एवं भू स्वामी से संबंध | अन्य (विभिन्न दस्तावेजों में नाम विसंगति एवं अन्य) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | | 6 | | 7 | 8 | 9 |
| 1 | डमरु पिता नानसाय छोटईया पिता ददना जाति गोंड़ पता सा. देह भूमि स्वामी | डमरु पिता नानसाय जाति गोंड़ पता कुहका कोतमा अनूपपुर मध्य प्रदेश भूस्वामी | डमरु पिता नानसाय जाति गोंड़ पता कुहका कोतमा अनूपपुर मध्य प्रदेश भूस्वामी | कुहका | 50 | 230 p | 0.032 | 0.741 | डमरु पिता नानसाय | नानसाय का नाम नानसाय गोंड़ लिखा है, प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार सही नाम नानसाय है। छोटईया का नाम छोटईया सिंह गोंड़ लिखा है, प्रस्तुत शपथपत्र के अनुसार सही नाम छोटईया सिंह गोंड़ है। ददना का नाम ददना सिंह लिखा है, प्रस्तुत शपथपत्र के अनुसार सही नाम ददना सिंह है। |
| | | छोटईया पिता ददना जाति गोंड़ पता कुहका कोतमा अनूपपुर मध्य प्रदेश भूस्वामी | छोटईया पिता ददना जाति गोंड़ पता कुहका कोतमा अनूपपुर मध्य प्रदेश भूस्वामी | | | 232 p | 0.268 | | | |
| | | | | | | Total | 0.300 | 0.741 | | |

उपरोक्त जानकारी के बाबत् यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्यालयीन समय मे वैध दस्तावेजों के साथ प्रकाशन तिथि के सात दिनों के अन्दर आपत्ति दर्ज कर सकते है। इसके उपरान्त प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

नोडल अधिकारी (भू-राजस्व)
एसईसीएल, जमुना कोतमा क्षेत्र

SECL/25-26/322



## बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

### ई- नीलामी विक्रय सूचना

SCAN HERE For detailed terms & conditions.

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8 (6) एवं 6(2) का परन्तुक देखें ]

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) एवं 6(2) के परन्तुक के साथ पठित

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियाँ जो बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का **कब्जा** बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर निम्न वर्णित ऋणियों से बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिभूत लेनदार की निम्न वर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु ई-नीलामी द्वारा बेची जाएगी।

| क्र. सं. | शाखा/ऋणी/ जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम | चल एवं अचल संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि | ई-नीलामी की दिनांक एवं समय | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| | **बैंक ऑफ बड़ौदा, आरओएसएआरबी, भोपाल फोनः 0755-4045435 Mobile : 7247770078** | | | | |
| 1. | ऋणीः **1. स्व. श्री राम विलास सरलाम पुत्र श्री राम सिंह सरलाम** जिनका प्रतिनिधित्व उनके कानूनी उत्तराधिकारियों द्वारा नीचे उल्लिखित है:- 2. श्रीमती सुभद्रा सरलाम पत्नी श्री राम विलास सरलाम (सहऋणी एवं मृतक ऋणी-स्वर्गीय श्री राम विलास सरलम की कानूनी उत्तराधिकारी) 3. दीक्षा सरलाम पुत्री श्री राम विलास सरलाम, मृतक ऋणी-स्वर्गीय श्री राम विलास सरलम की कानूनी उत्तराधिकारी) 4. लोकेश सरलाम पुत्र श्री राम विलास सरलाम, मृतक ऋणी-स्वर्गीय श्री राम विलास सरलम की कानूनी उत्तराधिकारी) 5. आकाशी सरलम पुत्री श्री राम विलास सरलम (नाबालिग एवं अभिभावक माता- श्रीमती सुभद्रा सरलम द्वारा प्रतिनिधित्व), मृतक ऋणी-स्वर्गीय श्री राम विलास सरलम की कानूनी उत्तराधिकारी) पताः मकान नंबर 39, वार्ड नंबर 14 पुलिस लाइन होशंगाबाद म.प्र.- 461001 | बंधक संपत्ति डायवर्टेड खसरा नं.112/8, 112/9, फ्लैट नं. 311 तीसरी मंजिल ब्लॉक बी, फ्लैट निर्मित क्षेत्रफल- 54.90 वर्गमीटर, कॉमन क्षेत्रफल 27.81 वर्गमीटर। कुल क्षेत्रफल 82.71 वर्ग मीटर स्थित जलालाबाद पी एच नं. 17, वार्ड नंबर 13, श्री प्लांटेस, होशंगाबाद तह और जिला होशंगाबाद संपत्ति मालिक- श्री राम विलास सरलाम पुत्र श्री राम सिंह सरलाम (2) श्रीमती सुभद्रा सरलाम पत्नि श्री राम विलास सरलाम चर्तुसीमाएं- पूर्व- गलियारा और खुला क्षेत्र, पश्चिमः खुला क्षेत्र, उत्तरः फ्लैट ए 316, दक्षिणः फ्लैट ए 312 **सांकेतिक कब्जा** | ₹ 14,45,000/- / ₹ 1,44,500/- / ₹ 10,000/- | 30.03.2026 दोपहर 2.00 बजे से 6.00बजे तक | 01-08-2022 / 20.01.2026 / ₹ 20,27,879.91/- +ब्याज एवं अन्य खर्चे |

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट https:// www.bankofbaroda.bank.in / e-auction.htm एवं http://BAANKNET.com देखें। इच्छुक निविदाकर्ता प्राधिकृत अधिकारी उपरोक्त तालिका में वर्णित दूरभाष क्रमांक पर सम्पर्क कर सकते हैं।
कृपया ध्यान दें - किसी भी प्रकार की त्रुटि के लिए बैंक की वेबसाइट http://BAANKNET.com पर दर्ज विवरण ही मान्य होगा।

**तारीख : 27.02.2026, स्थानः भोपाल** — **प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा**